# 'स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उत्पादक कार्य करें ताकि आत्मनिर्भर बन सकें'




**एस.के.आर.ए.यू. के गोद लिए गांव पेमासर में आंवला प्रसंस्करण एवं बाजारीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम को संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी ने संबोधित किया।**

- **गांव की महिलाओं को आंवला से कैंडी, शरबत, माउथ फ्रेशनर, लड्डू इत्यादि बनाने का प्रशिक्षण दिया**
- **एसएचजी महिलाओं के द्वारा बनाए गए उत्पादों की पैकेजिंग और मार्केटिंग भी की जायेगी**

**बीकानेर,** (कासं)। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के द्वारा गोद लिए गए गांव पेमासर में आंवला प्रसंस्करण एवं बाजारीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी, विशिष्ट अतिथि नाबार्ड डीडीएम रमेश तांबिया, एचडीएफसी बैंक मैनेजर धीरज सुथार और सरपंच प्रतिनिधि भंवर लाल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति डॉ अरूण कुमार ने की। कार्यक्रम में सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की डॉ ममता सिंह व कृषि महाविद्यालय स्टाफ द्वारा गांव की महिलाओं को आंवला से कैंडी, शरबत, माउथ फ्रेशनर, लड्डू इत्यादि बनाने का प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संभागीय आयुक्त ने कहा कि स्वयं सहायता समूह की महिलाएं बैंक से जो लोन लेती हैं। उसका उत्पादक कार्यों में इस्तेमाल करें ताकि उनकी इनकम बढ़े और वे आर्थिक रूप से सशक्त होकर आत्मनिर्भर बन सकें। नाबार्ड और जिला प्रशासन उनके उत्पाद की मार्केटिंग में पूरी सहायता करेगा। साथ ही कहा कि महिलाएं खुद के स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। कुलपति डॉ अरूण कुमार ने कहा कि एसएचजी महिलाओं के द्वारा बनाए गए उत्पादों की पैकेजिंग और मार्केटिंग भी की जायेगी। साथ ही एफएसएसएआई नंबर भी लिए जायेंगे। पेमासर गांव की एसएचजी महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों को 'हरियाली' ब्रांड नाम से लांच किया जायेगा। इन उत्पादों को कृषि विश्वविद्यालय के बाहर बनी स्टॉल व मसाला चौक में जिला प्रशासन द्वारा जल्द अलॉट होने वाली शॉप पर भी रखा जायेगा। इससे होने वाली आय को संबंधित महिलाओं तक पहुंचाया जायेगा।

नाबार्ड डीडीएम रमेश तांबिया ने बताया कि किस प्रकार नाबार्ड स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक रूप से और एसएचजी उत्पादों की मार्केटिंग में सहायता कर सकता है। एचडीएफसी बैंक मैनेजर धीरज सुथार ने महिलाओं को बताया कि स्वयं सहायता समूहों के डॉक्यूमेंटेशन पूरे हो ताकि बैंक लोन देने में आनाकानी ना करें।

कार्यक्रम में गांव की महिलाओं ने भी बताया कि गांव को गोद लेने के बाद कृषि विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित कार्यक्रमों से किस प्रकार उन्हें फायदा हुआ है। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों को साफा पहनाकर और बुके भेंट कर हुई। आईएबीएम निदेशक डॉ आई.पी.सिंह ने पेमासर गांव में यूनिवर्सिटी की ओर से अब तक किए गए कार्यों के बारे में बताया। कार्यक्रम के आखिर में कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ पी. के. यादव ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम में सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय अधिष्टाता डॉ विमला ढुकवाल, स्नातकोत्तर अधिष्ठाता डॉ राजेश कुमार वर्मा, पूल व एफआईएमटीटीसी इंचार्ज व पेमासर गांव के समन्वयक डॉ वाई. के. सिंह,डॉ नीना सरीन, डॉ अदिति माथुर,डॉ मनमीत कौर, डॉ ममता सिंह, डॉ केशव मेहरा समेत बड़ी संख्या में गांव की महिलाएं मौजूद रहीं। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ सुशील कुमार ने किया।

**महिलाओं को जागरूक करें :** अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) डॉ. दुलीचंद मीना ने कहा कि मां वाउचर योजना के तहत निःशुल्क सोनोग्राफी का लाभ ग्रामीण क्षेत्रों की प्रत्येक गर्भवती महिलाओं को मिल सके। इसके लिए आशा वर्कर और एएनएम के जरिए निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति महिलाओं को जागरूक किया जाए।

एडीएम ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को ब्लॉक स्तर पर सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत उपलब्ध सुविधाओं का प्रचार निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए।

अतिरिक्त कलेक्टर ने कहा कि सिलिकोसिस बीमारी से पीडित श्रमिक सरकारी सहायता से वंचित ना रहें। इसके लिए खनन क्षेत्रों में श्रमिकों का सर्वे कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने नगर निगम एवं पीडब्लयूडी को आपसी समन्वय से सड़क दुरुस्तीकरण एवं निर्माण कार्यों को गुणवत्ता ध्यान में रखते हुए प्राथमिकता से करवाने के निर्देश दिए।

## घर से जेवर चोरी करने वाले दो चोर गिरफ्तार

**बीकानेर,** (कासं)। जयनारायण व्यास कॉलोनी थाना क्षेत्र में चोरी की एक वारदात का पुलिस ने महज 12 घंटे में खुलासा कर दिया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और अन्य टेक्नीकल सपोर्ट से पता कर दो चोरों को गिरफ्तार किया। दोनों एक घर में घुसकर जेवरात और सामान चोरी कर भागे थे। एसपी कावेन्द्र सिंह सागर के निर्देश पर चोरी के मामले में एक स्पेशल टीम बनाई गई थी।

जयनारायण व्यास कॉलोनी में 29 नवंबर को जयनारायण व्यास कॉलोनी में एक महिला के घर चोरी हो गई। महिला ने 30 नवम्बर को इस संबंध में व्यास कॉलोनी थाने में एफआईआर दर्ज करवाई थी। रिपोर्ट में बताया था कि वह बीकानेर से बाहर गई थी। पीछे से अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर चोरी कर ली। उसके बेशकीमती सोने-चांदी के जेवरात और अन्य कीमती घरेलू सामान भी चोरी हो गया।

मामले की जांच हैड कांस्टेबल विजय सिंह को सौंपी गई। थानाधिकारी सुरेन्द्र पचार ने एसआई देवेन्द्र सोनी के नेतृत्व में टीमों का गठन किया। घटना स्थल के आस-पास की जगहों के सीसीटीवी कैमरा के फुटेज भी देखें। कुछ युवक संदिग्ध लगने पर नजर रखी गई। इसके बाद हरिकिशन उर्फ किशन भाट निवासी नहर पुलिया के पास उदासर और रवि नायक निवासी पेमासर रोड उदासर को गिरफ्तार किया गया। माल की बरामदगी हो रही है, दोनों से अन्य चोरी के बारे में भी पूछताछ की जा रही है। कार्रवाई में एसआई नरेन्द्र कुमार, हैड कानि. विजय सिंह, रोहिताश भारी, कां कपिल, प्रभुराम गोदारा, ईमीचन्द, रवि कुमार की भूमिका रही।

## सार-समाचार

### ऑटो स्टैण्ड बनाने की मांग



**मांगों को लेकर इंटक नेता हेमन्त किराडू के नेतृत्व में आर.टी.ओ. अनिल पांडिया को ज्ञापन सौंपा।**

**बीकानेर,** (कासं)। इंटक के वरिष्ठ नेता हेमन्त किराडू के नेतृत्व में आज एक प्रतिनिधि मण्डल ने बीकानेर आरटीओ अनिल पांडिया से मिलकर ऑटो चालकों की समस्याओं के समाधान के लिए ज्ञापन दिया। ज्ञापन में ऑटो स्टैंड निर्धारित करने व सड़कों की हालत में सुधारने एवं बीकानेर शहर की आबादी को देखते हुए परमिट संख्या बढ़ाई जाने की मांग की गई है। किराडू ने आरटीओ को बताया कि शहर में ऑटो के अलावा यातायात साधन नहीं है नगर बस सेवा न होना दुर्भाग्यपूर्ण है। फिटनेस सेंटर द्वारा मनमर्जी फीस वसूल की जा रही है। किराडू पुराने वाहनों को सड़कों से हटाने के लिए विभाग के साथ यूनियन अपने स्तर पर करवाई करेगी। इस बात से आरटीओ को आश्वस्त किया। इससे पूर्व हाल ही में आरटीओ पद पर कार्य ग्रहण करने पर इंटक की ओर से किराडू ने आरटीओ अनिल पांडिया का बुके भेंट कर स्वागत किया। प्रतिनिधि मण्डल में जाकिर पडिहार समीर खान आदि शामिल थे।

### महर्षि चरक शपथ दिलाई



**सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गुंजन सोनी ने एम.बी.बी.एस. प्रथम वर्ष के छात्रों को महर्षि चरक शपथ दिलाई।**

**बीकानेर,** (कासं)। नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन की ओर से आयोजित नूतन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम में सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य एवं नियंत्रक डॉक्टर गुंजन सोनी ने सोमवार को मेडिकल कॉलेज सभागार में एमबीबीएस प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को महर्षि चरक शपथ दिलाई। इस दौरान प्राचार्य डॉक्टर गुंजन सोनी द्वारा विद्यार्थियों को दिए गए मोटिवेशन स्पीच में बताया कि चिकित्सा एक सेवा है न कि प्रोफेशन। विद्यार्थी जीवन में अपना लक्ष्य निर्धारित करके अर्जुन की तरह अपना लक्ष्य हासिल करें और कठोर परिश्रम तथा लगन से जागृत आंखों से देखा हुआ अपना साकार करें। साथ ही प्राचार्य डॉ. सोनी ने मेडिकल स्टूडेंट्स को सदैव आत्मविश्वास बनाए रखने को कहा। इस दौरान मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र कार्यवाह और सार्वजनिक निर्माण विभाग, जयपुर के क्वालिटी कन्ट्रोल चीफ इंजीनियर जसवंत खत्री रहे। उन्होंने सभी को स्वास्थ्य सेवा से राष्ट्र सेवा के विषय पर अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। साथ ही चिकित्सा जगत में ध्येयनिष्ठ होकर राष्ट्र सेवा के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के दौरान बीकानेर के अध्यक्ष डॉ बी. के. बिनावरा, अतिरिक्त प्राचार्य डॉक्टर रेखा आचार्य, डॉक्टर सुरेन्द्र कुमार वर्मा सहित कई प्राचार्य और चिकित्सा शिक्षक उपस्थित थे।

### बिजली कर्मचारी की बाइक चोरी

**अनूपगढ़,** (कासं)। रेलवे स्टेशन के पास सोमवार सुबह 10 बजे दिन दहाड़े बाइक चोरी का मामला सामने आया है। बाइक का मालिक रेलवे स्टेशन के बाहर अपनी बाइक खड़ी करके गया था। इसके 5 मिनट बाद जब वह वापस आया तो उसे बाइक वहां नहीं मिली। चोर मात्र पांच मिनट में ही बाइक लेकर फरार हो गया। बाइक के मालिक सुमेर कुमार (34) पुत्र श्रवण राम निवासी गांव 18 ए ने बताया-वह अनूपगढ़ के बिजली बोर्ड में कर्मचारी है। वह सोमवार को सुबह 10 बजे अपनी बाइक से रेलवे स्टेशन पर आया था। उसने अपना बाइक रेलवे स्टेशन के बाहर खड़ा किया था और कुछ काम के लिए रेलवे स्टेशन पर चला गया था। सुमेर कुमार ने बताया-जब वह 5 मिनट बाद वापिस आया तो रेलवे स्टेशन के बाहर उसकी बाइक नहीं मिली। उसने बताया कि उसने अपनी बाइक की काफी तलाश की मगर बाइक का कहीं भी पता नहीं चला है। सुमेर सिंह ने बाइक चोर के खिलाफ अनूपगढ़ पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है और वही

## 40 पी.ओ.पी. फैक्ट्रियों को अन्यत्र शिफ्ट करने की सिफारिश

- **खारा गांव में हो रहे वायु प्रदूषण की जांच रिपोर्ट कमेटी ने प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड की चेयरमैन को सौंपी**

**बीकानेर,** (कासं)। खारा गांव में हो रहे वायु प्रदूषण की जांच रिपोर्ट कमेटी ने प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड की चेयरमैन को सौंप दी है। रिपोर्ट में मिनरल जोन में स्थित सभी 40 पीओपी फैक्ट्रियों को अन्यत्र शिफ्ट करने की सिफारिश की गई है वरना पीओपी उद्योग बंद हो सकता है। प्रदूषण का कारण इन फैक्ट्रियों से निकलने वाला धुआं माना गया है।

शहर से 20 किलोमीटर दूर खारा गांव में वायु प्रदूषण का स्तर पीएम (पट्टीकुलर मैटर)10 से अधिक हो गया है। गांव की करीब 12 हजार की आबादी के लिए स्वच्छ हवा में सांस लेना मुश्किल हो रहा है। जांच में गांव का एयर क्वालिटी इंडेक्स 900 से भी ज्यादा रिकॉर्ड किया था, जो देशभर में सबसे ज्यादा था। वायु प्रदूषण से गांव के हर घर में लोग श्वांस रोग से पीड़ित हैं।

मामला उजागर होने के बाद जिला प्रशासन और पीसीबी सक्रिय हुआ है। बोर्ड के चीफ इंजीनियर सहित तीन वैज्ञानिकों की कमेटी ने खारा औद्योगिक क्षेत्र स्थित पीओपी की करीब 125 इकाईयों की छानबीन कर अपनी रिपोर्ट बोर्ड चेयरमैन अपर्णा अरोड़ा को सौंप दी है। रिपोर्ट में प्रदूषण का कारण मिनरल जोन में स्थित पीओपी की 40 फैक्ट्रियों से निकलने वाले धुएं को माना गया है।

कमेटी ने इन सभी फैक्ट्रियों को गांव से दूर अन्यत्र शिफ्ट करने की सिफारिश की है और जरूरी सुझाव भी दिए हैं। खारा गांव में प्रदूषण की समस्या का समाधान करने के लिए फैक्ट्री मालिक आगे आये हैं। खारा उद्योग संघ के अध्यक्ष परविंदर सिंह का कहना है कि फैक्ट्रियां बंद करना समाधान नहीं है। उन्होंने बताया कि धुएं में पार्टिकुलेट मैटर घटाने के लिए चिमनी की ऊंचाई बढ़ाई जा रही है। उसमें से एक पाइप निकाल कर उसे पानी के ड्रम में डाला गया है, जिससे पार्टिकुलेट मैटर नीचे बैठ जायेंगे और केवल धुआं ही ऊपर जायेगा। खारा गांव में वायु प्रदूषण का मामला राज्यपाल और मानवाधिकार आयोग तक पहुंच गया है। सामाजिक कार्यकर्ता नत्थूसिंह राठौड़ ने खारा गांव में वायु प्रदूषण की समस्या का समाधान करने के लिए राज्यपाल को पत्र लिखा था। राजभवन ने इस संबंध में जन अभियोग निराकरण विभाग को कार्यवाही के लिए पाबंद किया है।

## नशीले कैप्सूल सहित दबोचा

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिले की पदमपुर थाना पुलिस ने मोटरसाकिल पर नशीले कैप्सूल लेकर निकले दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। इनके ये कैप्सूल बेचने के इरादे से इस इलाके में लाने की आशंका है।

पदमपुर थाने के हैड कांस्टेबल मुकेश कुमार को रविवार को गश्त के दौरान पदमपुर इलाके में मोटरसाइकिल सवार दो युवकों के पास दो हजार से ज्यादा नशीले कैप्सूल होने की सूचना मिली थी। इस पर पुलिस टीम बताई गई लॉकेशन पर पहुंची तो मोटरसाइकिल पर दो युवक आते दिखाई दिए।

आरोपियों की मोटरसाइकिल रोका तो वे घबरा गए। हुलिए और आरोपियों की घबराहट देखकर पुलिस का शक पुख्ता हो गया। दोनों आरोपियों से पूछताछ की तो आरोपी साजन उर्फ सोनू पुत्र फरसाराम ने बताया कि वह पदमपुर थाना क्षेत्र के गांव नौ बीबी रत्तेवाला का रहने वाला है। अन्य आरोपी राहुल पुत्र राजेन्द्र कुमार हनुमानगढ़ के डबली राठान का रहने वाला है।

## रंजिश में ससुर और बहु पर जानलेवा हमला

- **घटना से नोखा के तालरिया बास गांव में तनाव का माहौल है**

**नोखा,** (कासं)। रासीसर तालरिया बास निवासी बालकिशन बिश्नोई ने पुरानी रंजिश के चलते मारपीट का मुकदमा नोखा थाने में दर्ज करवाया है।

यह घटना 30 नवम्बर की है। जब बालकिशन का परिवार पारवा की रोही में अपने कृषि कुएं पर बारह मासी ढाणी बनाकर रह रहा था। बालकिशन ने रिपोर्ट में बताया कि घटना के समय वह खेत में काम कर रहा था। उसी दौरान उसके पिता और पत्नी दूसरे खेत से ढाणी की ओर लौट रहे थे। तभी एक जीप वहां पहुंची, जिसमें रासीसर निवासी सतपाल, श्यामलाल, पवन बिश्नोई और ओमप्रकाश सवार थे। उनके हाथों में लोहे के सरिए और लाठियां थीं।

आरोप है कि इन लोगों ने जान से मारने की नीयत से उसके पिता और पत्नी को रोककर हमला किया। हमले के बाद सभी आरोपी अपनी जीप में बैठकर अपने खेत की ओर भाग गए।

घटना के बाद बालकिशन अपने पिता और पत्नी को गंभीर हालत में नोखा अस्पताल लेकर गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें गंभीर चोटों के चलते बीकानेर के ट्रोमा सेंटर रेफर कर दिया गया। नोखा पुलिस ने बालकिशन की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बालकिशन ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि उसके परिवार और आरोपियों के बीच पुरानी रंजिश चल रही है। पुलिस इस एंगल से भी मामले की जांच कर रही है। घटना से गांव में तनाव का माहौल है। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी और मामले की तह तक जाने के लिए प्रयास तेज कर दिए हैं।

## कार पेड़ से टकराई, मां-पिता और बेटे की मौत

- **टायर फटने से कार अनियंत्रित, शादी समारोह में जा रहे थे हिसार**

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिले में चलती कार का टायर फट गया। जिसके बाद कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में मां-पिता और बेटे की मौत हो गई। हादसे में 4 लोग घायल हो गए। हादसा सोमवार दोपहर 2 बजे नोहर थाना इलाके के देइदास गांव के पास हुआ।

नोहर थाने के एएसआई छोटूराम ने बताया कि दोपहर 2 बजे कार का टायर फटने से कार अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसे में राजेश सोनी (42) पुत्र सेठीराम सोनी की मौके पर ही मौत हो गई। सेठीराम (65) और देवकी (62) की नोहर अस्पताल से हायर सेंटर ले जाते समय मौत हो गई। नोहर थाना प्रभारी ईश्वरानंद शर्मा ने बताया कि हादसे में राजेश सोनी की पत्नी सीमा, बेटियां रिद्धि (13), सिद्धि (10) और बेटा कन्हैया (05) घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है। घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है। राजेश सोनी अपने परिवार के साथ हरियाणा के हिसार में किसी शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था। इसी दौरान हादसा हो गया। एसपी अरशद अली ने बताया कि नोहर क्षेत्र में रावतसर थाना क्षेत्र से ज्वैलर्स का परिवार कार लेकर जा रहा था।

## विवाहिता 8 साल की बेटी सहित लापता

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। पुरानी आबादी से एक विवाहिता अपनी 8 साल की बेटी के साथ तीन दिन से लापता है।

परिजनों की ओर से हर जगह ढूंढने के बाद भी इनका पता नहीं चल पाया है। लिहाजा पुरानी आबादी पुलिस ने अब गुमशुदगी दर्ज की है। एएसआई सुंदरलाल को इनकी तलाश की जिम्मेदारी दी गई है। पुलिस के अनुसार 30 वर्षीय मंजू रानी अपनी 8 साल की बेटी गरिमा को साथ लेकर 29 नवम्बर की शाम को अपने ससुराल उदाराम चौक से चली गई। उसके पति प्रवीण को देर शाम घर लौटने पर मां-बेटी घर नहीं मिली तो तलाश शुरू की गई। रातभर तलाश के बाद भी कोई जानकारी नहीं मिली तो पुरानी आबादी थाने में घटना की जानकारी दी।

## अपहरण कर युवक को खेत में ले जाकर रॉड से पैर तोड़े

- **खुद को पुलिसकर्मी बता जबरदस्ती गाड़ी में डालकर ले गए**

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। एक युवक का अपहरण कर खेत में ले जाकर उससे मारपीट करने के मामले में पुलिस ने उसके पर्चा बयान पर अपहरण, हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

लम्बी ढाब के निकट ढाणी निवासी 21 वर्षीय हरविंद्र सिंह 24 नवम्बर को अपनी बाइक पर जिला मुख्यालय शॉपिंग करने आया था। रात करीब 8:30 बजे वह महाराजा होटल के निकट एक टपरी पर चाय पी रहा था। इसी दौरान उसके इंस्टाग्राम पर पूनम नाम की आईडी से मैसेज आया। मैसेज करने वाले ने पूछा कि तुम कहां हो। उसने अपनी लोकेशन बताई। फिर मैसेज आया और उसे 4 एमएल किसान चौक पर बुलाया। पीड़ित अपनी बाइक लेकर वहां पहुंच गया। इसी दौरान काले रंग की गाड़ी आकर रुकी। दो युवक नीचे उतरे और स्वयं को पुलिस कर्मी बताकर हरविंद्र सिंह पर हेरोइन की स्मगलिंग के आरोप लगाकर पूछताछ के लिए थाने ले जाने का कहकर जबरदस्ती गाड़ी में डाल लिया। उसको सूरतगढ़ रोड पर एक खेत में ले जाया गया।

कार में सवार पीड़ित के ही गांव लम्बी ढाब निवासी जबर नाम का युवक सहित चार अन्य भी थे। उन्होंने पीड़ित को जमीन पर उलटा लिटा लिया। दो युवक उसकी पीठ पर चढ़ गए। अन्य ने रॉड से उसके घुटनों के नीचे पैरों पर जमकर चोटें मारी। बेहोश हो जाने पर उसी की बाइक पर लादकर मेडिकल कॉलेज के निकट बजरी के ढेर पर पटकर गायब हो गए। करीब एक घंटे बाद उसके मोबाइल पर फोन आया तो घंटी बजने पर उसे होश आया। कॉलर उसका दोस्त था। उसने पीड़ित को उठाकर जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। सूचना पर पीड़ित के परिजन रातों रात जिला अस्पताल पहुंचे। सदर थाने से हैड कांस्टेबल सतवीर सिंह राठौड़ पर्चा बयान लेने पहुंचे।

## सर्दी नहीं बढ़ी

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर में सर्दी का मिजाज धीरे धीरे कम-ज्यादा हो रहा है। तापमान बीते दिनों की तुलना में कम तो हुआ पर सामान्य से फिर भी ढाई डिग्री ज्यादा है। बीती रात का न्यूनतम तापमान 13.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ये पहली बार हुआ जब रात का पारा 14 डिग्री के नीचे पहुंचा लेकिन सामान्य से फिर भी ढाई डिग्री ज्यादा है।


**-:खोया-पाया:-**

मैं अशोक कुमार पुत्र हेमराज निवासी 7-अ-14 पवनपुरी दक्षिण विस्तार योजना बीकानेर का हुँ। मेरा खरीदशुदा मकान वाके 7-अ-14 पवनपुरी दक्षिण विस्तार योजना बीकानेर का मूल आवंटी सुगनाराम के नाम से जारीशुदा का मूल पजेशन पत्र(कब्जा-पत्र) सं.3247 दि.20.9.86 मुझसे कही रास्ते में गुम हो गया है। किसी व्यक्ति को मिल तो मेरे मोबाईल नं. 7023076268 पर सूचित करें।


## दृष्टि को देव, गुरू व धर्म के प्रति सकारात्मक बनाएं : जैनाचार्य पीयूष सागर



**जैनाचार्य व मुनिवृंद कृतज्ञता समारोह में चातुर्मास में सेवाएं देने वाले कार्यकर्ता श्रावकों का अभिनंदन किया।**

- **मेड़ता के लिए जैनाचार्य आदि ठाणा का विहार आज करेंगे**

**बीकानेर,** (कासं)। जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ संघ के जैनाचार्य जिन पीयूष सागर सूरिश्वर महाराज आदि ठाणा का कृतज्ञता समारोह का द्वितीय चरण सोमवार को रांगड़ी चौक में चातुर्मास में सेवाएं देने वाले कार्यकर्ता श्रावकों के अभिनंदन के बाद संपन्न हुआ।

जैनाचार्य मंगलवार को सुबह छह बजे नाहटा चौक के सुपार्श्वनाथ मंदिर के चल प्रतिष्ठा करवाने के बाद बाद वे अपने सहवृति 10 मुनियों के साथ मंगलवार को सुबह पौने दस बजे नाहटा चौक के आदिश्वरजी के मंदिर में दर्शन वंदन कर मेड़ता-ओस्तरा के लिए विहार करेंगे। इससे पूर्व सुगनजी महाराज का उपासरा ट्रस्ट के मंत्री रतन लाल नाहटा, श्री जिनेश्वर युवक परिषद के अध्यक्ष संदीप मुसरफ, मंत्री मनीष नाहटा आदि ने अखिल भारतीय खरतरगच्छ महासंघ के अध्यक्ष जयपुर के रिखबचंद जैन झारचूड़, गौरव सावनसुखा, प्रवीण डागा, संजय झाबक, जय कुमार पारख, विपिन मुसरफ व समाजसेवी विमल कोचर मुका भाईजी आदि का स्मृति चिन्ह आदि से अभिनंदन किया।

कृतज्ञता समारोह में जैनाचार्य जिन पीयूष सागर सूरिश्वर महाराज ने कहा कि चातुर्मास के बाद अपनी दृष्टि में परिवर्तन करें। दृष्टि से सृष्टि बदलती है। दृष्टि को देव, गुरू व धर्म के प्रति सकारात्मक बनाएं।

विषय का विस्तार करते हुए बीकानेर के मुनि सम्यक रतन सागर महाराज ने कहा कि चातुर्मास काल में जैनाचार्य, मुनि व साध्वीवृंद धर्म-आध्यात्म के वाहन के चालक के रूप में श्री संघ व समाज को सेवाएं देते है। चालक के साथ धर्म वाहन में सवार सभी श्रावक-श्राविकाओं का दायित्व रहता है कि वे भी सजग रहकर चिंतन, मनन करते धर्म आध्यात्म के मार्ग पर आगे बढ़े। उन्होंने बीकानेर चातुर्मास को अनुकरणीय व प्रेरणादायक बताया।

## परीक्षार्थियों को मुफ्त बस यात्रा की सुविधा

**बीकानेर,** (कासं)। पशु परिचर परीक्षा के लिए राजस्थान रोडवेज ने 30 अतिरिक्त बसें चलाकर परीक्षार्थियों को निशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान की।

इस व्यवस्था से परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र तक पहुंचने में काफी सुविधा हुई। अतिरिक्त बसों में 20 जोधपुर और 10 बीकानेर आगार की थीं। रविवार को शुरू हुई इस तीन दिवसीय परीक्षा के पहले दिन बीकानेर के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर करीब साढ़े तेरह हजार अभ्यर्थी परीक्षा देने पहुंचे थे। राज्य सरकार द्वारा सभी अभ्यर्थियों के लिए निशुल्क बस यात्रा की व्यवस्था की गई थी। रोडवेज के बीकानेर आगार की चीफ मैनेजर इंदिरा गोदारा ने बताया कि अधिकतर परीक्षार्थी जोधपुर से थे। इसलिए जोधपुर आगार से सर्वाधिक बसें चलाई गई। ट्रैफिक मैनेजर मदन सिंह राजपुरोहित ने बताया कि मंगलवार तक चलने वाली परीक्षा के लिए परीक्षार्थियों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।


**कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

क्रमांक :- नियमन/ 2024/ दिनांक : / /2024

**सार्वजनिक आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री कृष्ण शास्त्री पुत्र श्री दीपा राम निवासी मांझूवास तहसील पदमपुर जिला श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

| न्यास रिकॉर्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामान्तरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूमि का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 7 ई छोटी मुरब्बा नं. 33 किला नं. 04 में माप 30 इन्टू 45 फीट भूखण्ड संख्या 22 नाईयांवाली कॉलोनी, श्रीगंगानगर | नियमन पट्टा संख्या 4113 दिनांक 19.12.2013 को श्री हुक्माराम एवं श्री कृष्ण लाल पिसरान श्री दीपाराम के नाम से पट्टा जारी है। वर्तमान में भूखण्ड इन्हीं के नाम से दर्ज है। | श्री कृष्ण शास्त्री द्वारा उक्त भूखण्ड को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 31.05.2022 द्वारा क्रय कर उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस सम्बन्ध में श्री कृष्ण शास्त्री पुत्र श्री दीपा राम निवासी मांझूवास, तहसील पदमपुर, जिला श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री लीज होल्ड पट्टे के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/ उजर/ दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास/ हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति/ उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन संख्या:- SGNR/FY24-25/MUT/800 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN

Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2024/3738 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 27.11..2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती संगीता पत्नी श्री दीपक कुमार निवासी 19 बी तहसील पदमपुर जिला श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूखण्ड का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 4 एमएल मुरब्बा नं. 4 किला नं. 14, 15 में माप 25 इंटू 60 फीट भू.सं. आरएसए-05, रिद्धि-सिद्धि एन्कलेव-2, श्रीगंगानगर | नियमन पट्टा सं. 10063 दिनांक 22.5.2020 को श्री सुनील कुमार पुत्र श्री रामकुमार के नाम से जारी किया हुआ है। | श्रीमती संगीता द्वारा उक्त भूखंड को पंजीकृत बैयनामा दिनांक 22.10.2024 द्वारा क्रय कर उक्त भूखंड के नामान्तरण बाबत न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्रीमती संगीता पत्नी श्री दीपक कुमार निवासी 19 बी तहसील पदमपुर जिला श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन सं. :- SGNR/FY24-25/MUT/1005 सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर